~~~

SET-3

**Series KMLN2**

प्रश्न-पत्र कोड **4/2/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

[]

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

*(iii)* ***खण्ड – क** में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड – ख** में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं।*

*(v)* ***खण्ड – ग** में पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं।*

*(vi)* ***खण्ड – घ** में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि कुछ खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(viii)* *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(ix)* *यथासंभव सभी खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*
~~~

## खण्ड क

## (अपठित बोध) 14

**1.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने और पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए स्वीडन से 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित करने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। वर्ष 2025 में पर्यावरण दिवस का विषय था — 'वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण का अंत'। प्लास्टिक हमारे जीवन के अनेक पहलुओं में आवश्यक है मगर इसके कारण 'एक बार प्रयोग होने वाली उपभोक्ता संस्कृति' और 'इस्तेमाल करो और फेंको' पीढ़ी का जन्म हुआ है। मनुष्य की इस गतिविधि का नुकसान उसके साथ-साथ असहाय पशु-पक्षियों और प्रकृति को भी भुगतना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण की एक रिपोर्ट के अनुसार एक दिन में लगभग 144 करोड़ प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग होता है। हम पृथ्वी पर प्लास्टिक कचरे की ऐसी विरासत छोड़ रहे हैं जिसका कोई अंत नहीं। शहरों में जल जमाव की समस्या का मुख्य कारण प्लास्टिक कचरा ही है।

99 प्रतिशत प्लास्टिक जीवाश्म ईंधन से तैयार होता है जो जैविक रूप से कभी नष्ट नहीं होता। लोगों में यह भ्राँति है कि समस्त प्लास्टिक का पुन: उपयोग हो जाता है। देश में मात्र 12 प्रतिशत प्लास्टिक का ही पुन: उपयोग हो रहा है और 20 प्रतिशत प्लास्टिक कचरा जलाया जा रहा है जिससे पर्यावरण को क्षति पहुँच रही है।

अजर-अमर दिखने वाले दानव का वध करने के लिए लोगों को इसके समाधान का हिस्सा बनना होगा। प्लास्टिक उत्पादक उद्यमों को इसके विकल्पों को तलाशने और इसके पुनर्चक्रण पर ध्यान देना होगा। आम नागरिकों को अहम् भूमिका निभानी होगी क्योंकि यदि नागरिकों को कर्त्तव्य समझ में आ जाएँ तो स्थिति में सुधार लाया जा सकता है।

हम सब अपने और अपने परिजनों के लिए स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा। बदलाव कठिन हो सकता है लेकिन पर्यावरण बिगाड़ने वाली इस बिल्ली के गले में घंटी बाँधनी ही होगी।

(i) पर्यावरण बिगाड़ने वाली 'बिल्ली के गले में घंटी बाँधने' से क्या अभिप्राय है ? 1

(A) नदियों में अपशिष्ट पदार्थों को न डालने की शुरुआत
(B) कूड़े-कचरे को जलाना बंद करने की शुरुआत
(C) सूखे और गीले कचरे को अलग करने की शुरुआत
(D) प्लास्टिक के प्रयोग को धीरे-धीरे बंद करने की शुरुआत

(ii) प्लास्टिक के विषय में लोगों में क्या भ्राँति है ? 1

(A) सफ़ेद प्लास्टिक की थैलियों में रखी खाद्य सामग्री सुरक्षित है।
(B) समस्त प्लास्टिक कचरे को पुन: उपयोग योग्य बनाया जा सकता है।
(C) समय के साथ प्लास्टिक स्वयं ही धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है।
(D) प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण को कोई क्षति नहीं पहुँचती।

(iii) गद्यांश के अनुसार शहरों में जल जमाव की समस्या का मुख्य कारण है : 1

(A) प्लास्टिक कचरा (B) बढ़ती आबादी

(C) पारंपरिक बनावट (D) अतिक्रमण

(iv) प्लास्टिक के प्रयोग ने किस नई संस्कृति को जन्म दिया है और उसके क्या दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं ? 2

(v) 'प्लास्टिक प्रदूषण पर रोकथाम आम आदमी की सहभागिता से ही लग सकता है' – कैसे ? स्पष्ट कीजिए। 2

**2.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

साइकिल की सवारी न केवल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सक्षम है, बल्कि सामाजिक समानता और सतत विकास की दिशा में भी योगदान देती है। यह परिवहन का ही साधन नहीं है बल्कि एक ऐसी विचारधारा भी है जो आधुनिकता के कोलाहल में खोई मानवता को फिर से जोड़ती है। साइकिल एक सस्ता, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल माध्यम है जो न केवल शहरों की भीड़ और प्रदूषण को कम करता है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सुविधाओं तक समाज के प्रत्येक वर्ग की पहुँच को आसान करता है।

मार्च 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें साइकिल को सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में मुख्यधारा में लाने की बात कही गई। साथ ही इसे सतत उपभोग और उत्पादन को बढ़ावा देने वाला, जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में सकारात्मक भूमिका निभाने वाला एक साधन बताया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक का कहना है कि पैदल चलना और साइकिल चलाना स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और शहरों को ज़्यादा टिकाऊ बनाता है। रोजाना आधा घंटा साइकिल चलाने से न केवल सेहत अच्छी रहती है, बल्कि सालाना 150 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन को भी रोका जा सकता है। समाज का वह वर्ग, जो महँगे निजी वाहन नहीं खरीद सकता, यह उनके लिए आवागमन का मुख्य साधन है। यह उन्हें उनके कार्यक्षेत्र, स्कूल, अस्पताल जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुँच प्रदान करती है। इस तरह साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामाजिक समानता और आर्थिक रूप से भी एक प्रभावी विकल्प है।

(i) सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से आशय है : 1

(A) देश की आम जनता के आवागमन के लिए उपलब्ध यातायात के साधन

(B) देश की विशिष्ट जनता के आवागमन के लिए उपलब्ध यातायात के साधन

(C) देश के वरिष्ठ नागरिकों के आवागमन के लिए उपलब्ध यातायात के साधन

(D) देश के बच्चों के आवागमन के लिए उपलब्ध यातायात के साधन

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : साइकिल जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में सकारात्मक भूमिका निभाने वाला एक प्रमुख साधन है।

*कारण* : साइकिल जीरो-कार्बन उत्सर्जन के साथ चलती है।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, लेकिन कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iii) साइकिल से होने वाले लाभों के विषय में कौन-सा कथन ***असत्य*** है ? *1*

(A) सामाजिक समानता का माध्यम है।

(B) पर्यावरण को सुरक्षित रखती है।

(C) शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

(D) आर्थिक समानता को बढ़ावा देती है।

(iv) साइकिल स्वच्छ पर्यावरण के लिए अनुकूल माध्यम कैसे है ? *2*

(v) साइकिल के सस्ता, सुलभ और लाभकारी साधन होते हुए भी लोग इसके प्रयोग को प्राथमिकता क्यों नहीं देते ? *2*

## खण्ड ख

## (व्यावहारिक व्याकरण) *16*

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) निर्मला पतली-पतली, नरम-नरम रोटियाँ बनाती थी। – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(ii) क्रिया पदबंध की पहचान किसी भी वाक्य में कैसे की जाती है, उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(iii) कठोर परिश्रम करने वाले तुम अवश्य सफल होंगे। – वाक्य से पदबंध चुनकर भेद भी लिखिए।

(iv) रुई की पतली बत्ती से उसके मुँह में दूध टपकाया गया। – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(v) वह धीमे-धीमे स्वर में गुनगुनाने लगता। – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) आकाश में एक भी बादल नहीं है फिर भी पानी बरस रहा है। – सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए।

(ii) मिश्र वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कैसे करते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

(iii) ठंड के कारण उसकी अँगुलियाँ नहीं चल रही हैं। – मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए।

(iv) गौरेया बंदरगाह की ओर जाकर जहाज पर बैठ गई। – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए।

(v) उसकी घुड़सवार से अच्छी पहचान थी। – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) बहुव्रीहि समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(ii) देशभर से लाखों लोगों ने आज़ादी के <u>महान संग्राम</u> में प्राण न्योछावर किए। – रेखांकित पदों की जगह उपयुक्त समस्तपद प्रयुक्त कीजिए और समास का नाम भी लिखिए।

(iii) 'बाकायदा' पद का समास विग्रह कीजिए।

(iv) 'नीलगगन' पद कर्मधारय समास का उदाहरण है, कैसे ?

(v) 'पंचवटी' पद का समास विग्रह कीजिए और भेद भी लिखिए।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरों' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) हमारे प्रधानाचार्य जी ने ____________ पिया हुआ है, असत्य को एक पल में भाँप लेते हैं। उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ii) 'फूँक-फूँक कर कदम रखना' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(iii) 'हमेशा खतरा मँडराना' अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

(iv) 'हवाई किले बनाना' मुहावरे के अर्थ को व्यक्त करने वाला कोई अन्य मुहावरा लिखिए।

(v) 'आँख फाड़ कर देखना' और 'आँखें ठंडी होना' – इन दोनों मुहावरों में अंतर स्पष्ट करके लिखिए।

~~~

## खण्ड ग

## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 28

**7.** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर लिखिए कि गाँव के भोले-भाले और सीधे-सादे हरिहर काका चतुर और ज्ञानी कैसे हो गए ?

(ii) 'टोपी शुक्ला' कहानी में टोपी के मुँह से 'अम्मी' शब्द सुनकर उसकी दादी और माँ की जो प्रतिक्रिया थी, उस विषय में अपने तर्कपूर्ण विचार व्यक्त कीजिए।

(iii) 'कठोर से दिखाई देने वाले पीटी मास्टर के भीतर भी कोमल हृदय धड़कता था।' 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर इस कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए।

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

सवार – आपने इस मुकाम पर क्यों खेमा डाला है ?
कर्नल – कंपनी का हुक्म है कि वज़ीर अली को गिरफ़्तार किया जाए।
सवार – लेकिन इतना लावलश्कर क्या मायने ?
कर्नल – गिरफ़्तारी में मदद देने के लिए।
सवार – वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है साहब।
कर्नल – क्यों ?
सवार – वो एक जाँबाज़ सिपाही है।
कर्नल – मैंने भी यह सुन रखा है। आप क्या चाहते हैं ?
सवार – चंद कारतूस।
कर्नल – किसलिए ?
सवार – वज़ीर अली को गिरफ़्तार करने के लिए।
कर्नल – ये लो दस कारतूस
सवार – (मुसकराते हुए) शुक्रिया।
कर्नल – आपका नाम ?
सवार – वज़ीर अली। आपने मुझे कारतूस दिए इसलिए आपकी जान बख़्शी करता हूँ। (ये कहकर बाहर चला जाता है, टापों का शोर सुनाई देता है। कर्नल एक सन्नाटे में है। हक्का-बक्का खड़ा है कि लेफ़्टीनेंट अंदर आता है)
लेफ़्टीनेंट – कौन था ?
कर्नल – (दबी ज़बान से अपने आप से कहता है) एक जाँबाज़ सिपाही।
~~~

(i) कर्नल ने जंगल में खेमा क्यों लगाया था ? *1*

(A) जंगल में शिकार करने के लिए

(B) बड़े अफसरों की आज्ञा-पालन के लिए

(C) वज़ीर अली को गिरफ़्तार करने के लिए

(D) प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने के लिए

(ii) वज़ीर अली ने अपनी गिरफ़्तारी को मुश्किल क्यों बताया ? *1*

(A) उसे अपनी वीरता और बहादुरी पर दृढ़ विश्वास था।

(B) उसके पास बाहुबल के साथ सैन्य-बल भी था।

(C) वह जंगल के चप्पे-चप्पे से वाकिफ़ था।

(D) वह अंग्रेज़ों की योजनाओं से भी परिचित था।

(iii) वज़ीर अली के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का क्यों रह गया ? *1*

(A) वज़ीर रूपी सवार को न पहचानने के कारण

(B) उसे पकड़ न पाने की असफलता के कारण

(C) उसकी दिलेरी और बहादुरी के कारण

(D) उसके खेमे में अकेले आने के कारण

(iv) वज़ीर अली ने कर्नल से कारतूस कैसे प्राप्त किए ? *1*

(A) सवार का रूप धारण करके

(B) कर्नल की तारीफ करके

(C) बुद्धि-बल का प्रयोग करके

(D) अपनी शक्ति का प्रदर्शन करके

(v) वज़ीर अली द्वारा खेमे से बाहर जाते-जाते अपना परिचय भी दे जाना उसके __________ की पराकाष्ठा है। (रिक्त स्थान की पूर्ति उचित विकल्प द्वारा कीजिए) *1*

(A) साहस

(B) विश्वास

(C) देश प्रेम

(D) स्वाभिमान

9. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) ‘बड़े भाई साहब’ पाठ में मोह और माया के बंधन में जकड़े व्यक्ति का दृष्टांत किस उद्देश्य से दिया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) ‘डायरी का एक पन्ना’ पाठ में 26 जनवरी 1931 के दिन पूरे कलकत्ता में हर जगह उत्साह और नवीनता क्यों दिखाई दे रही थी ?

(iii) ‘तताँरा-वामीरो कथा’ पाठ में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए पशु-पर्व के आयोजन का उल्लेख हुआ है। ‘पशु-पर्व’ से क्या अभिप्राय है ? ‘पशु-पर्व’ की यह परंपरा आपकी दृष्टि में कितनी उचित है ?

(iv) ‘व्यथा आदमी को पराजित ही नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश भी देती है।’ – ‘तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र’ पाठ से उद्धृत पंक्ति के पक्ष या विपक्ष में अपना मत स्पष्ट कीजिए।

10. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

हरि आप हरो जन री भीर।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि, धरयो आप सरीर।
बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर।।

(i) मीरा श्रीकृष्ण से क्या प्रार्थना कर रही है ? *1*

(A) अपने चरणों में स्थान देने की

(B) भक्तों को सुख प्रदान करने की

(C) अपने दुखों को हरने की

(D) भक्तों को दर्शन देने की

(ii) श्रीकृष्ण ने 'नरहरि' रूप क्यों धारण किया था ? *1*

(A) द्रौपदी की रक्षा के लिए

(B) प्रहलाद की रक्षा के लिए

(C) गजराज की रक्षा के लिए

(D) भक्तों की रक्षा के लिए

(iii) काव्यांश में पौराणिक पात्रों का उल्लेख किस उद्देश्य से किया गया है ? *1*

(A) श्रीकृष्ण की भक्तवत्सलता को दर्शाने हेतु

(B) श्रीकृष्ण की सक्षमता को दर्शाने हेतु

(C) श्रीकृष्ण की महानता को दर्शाने हेतु

(D) कृष्ण के प्रति मीरा की भक्तिभावना दर्शाने हेतु

(iv) काव्यांश के अनुसार श्रीकृष्ण के प्रति मीरा की भक्ति में प्रधानता है : *1*

(A) दास्य भाव की

(B) सख्य भाव की

(C) उपालंभ भाव की

(D) शोक भाव की

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : मीरा को पूर्ण विश्वास है कि श्रीकृष्ण उसके कष्टों का निवारण अवश्य करेंगे।

*कारण* : वे भक्तों की पुकार सुनकर दौड़े चले आते हैं और उन्हें कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, लेकिन कथन ग़लत है।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

11. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(i) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने प्रकृति को मानवीय क्रियाकलाप करते हुए दिखाया है, प्रकृति के किन्हीं दो क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'आत्मत्राण' कविता का कवि विपत्ति में ईश्वर से सहायता नहीं बल्कि विपत्ति का सामना करने की शक्ति माँग रहा है, इससे कवि के स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है ?

(iii) ईश्वर की सर्वव्यापकता का उल्लेख करने के लिए कबीर ने 'साखी' में क्या उदाहरण दिया है ? इसके माध्यम से कवि ने क्या स्पष्ट किया है ?

(iv) 'कर चले हम फ़िदा' कविता के संदर्भ में सैनिक जीवन की कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए।

## खण्ड घ

## (रचनात्मक लेखन) *22*

12. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(i) आपका नाम दीपिका/दीपक है। आपके क्षेत्र में स्थित खेल के मैदान में आए दिन सार्वजनिक समारोह आयोजित किए जाते हैं और उसके बाद तत्काल सफाई भी नहीं की जाती। इस समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए नगर-निगमाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ii) सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर बैठे बैंक सुविधा का प्रबंध किया गया है लेकिन आपके क्षेत्र में स्थित बैंक द्वारा यह सुविधा देने से मना किया जा रहा है। बैंक प्रबंधक की शिकायत करते हुए बैंक की प्रमुख शाखा के अपर अधिकारी (सीनियर ऑफिसर) को एक पत्र लिखिए।

13. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए : *4*

(i) विद्यालय परिसर में छात्रों को निजी वाहन खड़े न करने की जानकारी देते हुए अ.ब.स. स्कूल के प्रबंधक रामशरण सिंह की ओर से एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ii) आप अपने क्षेत्र निवासी कल्याण संघ के सचिव अमृता/अमृत हैं। बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ क्षेत्रवासियों से पैकेट-बंद सूखे खाद्य पदार्थ देने का आग्रह करते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए : *3*

(i) 'घर का खाना : स्वास्थ्य का खजाना' विषय पर एक विज्ञापन स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ii) ऊर्जा (बिजली) की बचत हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए विद्युत विभाग की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

15. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(i) बाज़ार से खरीददारी का आनंद

- बाज़ार का स्वरूप और चकाचौंध
- प्रत्यक्ष वस्तुओं को देखना, चुनाव
- लोगों से भेट, खान-पान की सुविधा

(ii) युवा पीढ़ी का खेलों की ओर बढ़ता रुझान

- खेलों का महत्त्व
- पारंपरिक सोच में बदलाव
- बढ़ते रुझान के कारण

(iii) पृथ्वी का सुरक्षा आवरण : ओज़ोन परत

- ओज़ोन परत से अभिप्राय
- गहराते खतरे के कारण
- सुरक्षा के उपाय

16. (i) 'राजू की समझदारी' शीर्षक पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। *5*

**अथवा**

(ii) विज्ञान प्रयोगशाला के सहायक की ओर से रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला हेतु कुछ रसायन और आवश्यक उपकरण मँगवाने हेतु क.ख.ग. प्रयोगशाला विज्ञान के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। *5*